# मुरली बजा के मोहना क्यों कर लिया किनारा लिरिक्स

मुरली बजा के मोहना,
क्यों कर लिया किनारा,
अपनों से हाय कैसा,
व्यवहार है तुम्हारा।bd।

---

ढूंढा गली गली में,
खोजा डगर डगर में,
मन में यही लगन है,
दर्शन मिले दुबारा,
मुरली बजाके मोहना,
क्यों कर लिया किनारा।bd।

---

मधुवन तुम्ही बताओ,
मोहन कहाँ गया है,
कैसे झुलस गया है,
कोमल बदन तुम्हारा,
मुरली बजाके मोहना,
क्यों कर लिया किनारा।bd।

---

यमुना तुम्हीं बताओ,
छलिया कहाँ गया है,
तू भी छलि गयी है,
कहती है नील धारा,
मुरली बजाके मोहना,
क्यों कर लिया किनारा।bd।

---

दुनिया कहे दीवानी,
पागल कहे जमाना,
तुमको ना भूल जाना,
हमको नहीं गवारा,
मुरली बजाके मोहना,
क्यों कर लिया किनारा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राधा की पीड़ 'मृदुल',
व्याकुल ह्रदय ही जाने,
समझेगा क्या भला वो,
जिसको ना गम पियारा,
मुरली बजाके मोहना,
क्यों कर लिया किनारा।bd।

मुरली बजा के मोहना,
क्यों कर लिया किनारा,
अपनों से हाय कैसा,
व्यवहार है तुम्हारा।bd।

Singer – Mridul Krishna Shastri Ji
Upload By – Rishi Vijayvargiya
7000073009

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com